>

Title: Regarding upliftment of SC/ST-laid.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): माननीय सभापति महोदय, अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां हजारों वर्षों से भारत के सर्वाधिक वंचित वर्गों में से एक हैं।… (व्यवधान) देश को आज़ादी मिलने के बाद हमारे संविधान निर्माताओं ने वंचित वर्गों को सभी प्रकार के भेदभाव से छुटकारा दिलाने हेतु संवैधानिक संरक्षण प्रदान किया।… (व्यवधान) उन्होंने शिक्षा तथा नौकरियों में वंचित वर्गों को आरक्षण देने हेतु संवैधानिक प्रावधान किए परन्तु सरकार द्वारा अनेक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बावजूद अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां अभावों एवं गरीबी में जीवन यापन कर रही हैं।… (व्यवधान) अब जब हमारा देश अगले वर्ष में अपनी आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहा है, ऐसे में उपरोक्त वंचित वर्गों को देश के विकास की मुख्यधारा में लाने हेतु तत्काल ठोस एवं सार्थक कदम उठाने की अत्यंत आवश्यकता है तथा यही हमारे प्रधान मंत्री तथा देश की कोटि-कोटि जनता की प्रेरणा एवं आशाओं के केन्द्र बिन्दु प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की भी यही इच्छा है।… (व्यवधान) ऐसे में मेरा सरकार से आग्रह है कि उपरोक्त वंचित जातियों के आंगन तक खुशहाली पहुंचाने के लिए सरकारी मशीनरी को और पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : I would request hon. Members to please go back to their seats.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: These are important issues, which are being raised by individual Members.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Your Party Members are also listed in this List to read out the Matters under Rule 377.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: These are very important issues. Please go back to your seats and allow the Matters under Rule 377 at least to be on record.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही आज दो बजकर तीस मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

14.06 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.

14.30 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.

*(*Shri Bhartruhari Mahtab *in the Chair)*

… (व्यवधान)

14.30 ½ hrs

At this stage, Sushri Mahua Moitra, Shri Anto Antony and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

14.31 hrs

माननीय सभापति : श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा।

… (व्यवधान)